यूटीयूः सेमेस्टर परीक्षाओं में पाई गई अनियमितताएं

शाह टाइम्स सेवाददाता

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की वर्तमान में चल रही सेमिस्टर परीक्षाओं केदृष्टिगत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने गुरुवार को द्वितीय पाली की परीक्षाओं के दौरान रुड़की क्षेत्र अंतर्गत आने वाले संस्थानों रुड़की इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी(आरआईटी) ,आरसीई और फोनिक्स ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विवि की फ्लाइंग टीम भी कुलपति के साथ मौजूद थी। औचक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फोनिक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित परीक्षाओं में सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने, उपस्थिति प्रपत्र में काटा छाटी और वेरिफिकेशन प्रपत्र में

■ कक्ष निरीक्षकों के हस्ताक्षर नही मिलने से खफा हुए कुलपति समस्त अभिलेख विश्व. विद्यालय के नियंत्रण में लेने के दिये निर्देश

कक्ष निरीक्षकों के हस्ताक्षर नहीं मिलने की अनियमितताएं प्रकाश में आई। जिस पर कुलपति ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से तत्काल समस्त अभिलेख विश्वविद्यालय के नियंत्रण में लेने के निर्देश दिए। इस के लिये नए परीक्षा अभिलेख जारी कर इस्तेमाल करने की कार्यवाही की गई।

उड़न दस्ते के साथ कुलपति ने परिसर का भ्रमण करने पर संस्थान के परीक्षा कक्षों के नीचे पड़े कागजों को तत्काल साफ करा कर सुचिता से परीक्षा कराने की अपेक्षा की।